SWAMI VIVEKANAND
SUBHARTI UNIVERSITY
UGC Approved Meerut
AN ISO 21001: 2018 ORGANIZATION

ACCREDITED WITH GRADE A NAAC

OFFICE OF THE REGISTRAR
Gp Capt M Yakoob
M-in-D (Retd.), M.Tech.
REGISTRAR
registrar@subharti.org

पत्रांकःयू0–07 / एस0वी0एस0यू0 / 2025 / 1849

दिनांक 25.12.2025

कार्यालय आदेश

प्रबन्धन के आदेशानुसार समस्त सम्बन्धितों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर में संचालित फोटो आई.डी. कार्ड अनुभाग (शैक्षणिक स्टाफ एवं विद्यार्थियों हेतु) को प्रशासनिक सुविधा एवं कार्य संचालन की सुचारुता के दृष्टिगत सुभारती मीडिया विभाग से स्थानांतरित कर दिया गया है।

उक्त फोटो आई.डी. कार्ड अनुभाग को अब शहीद उपवन (आई.एन.ए. चौक), गेट संख्या–4 के समीप स्थापित किया गया है। स्थानांतरण की यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएगी।

अतः यह स्पष्ट किया जाता है कि फोटो आई.डी. कार्ड से सम्बन्धित समस्त कार्य, जैसे नवीन फोटो आई.डी. कार्ड का निर्गमन, नवीनीकरण, संशोधन तथा अन्य संबंधित प्रशासनिक कार्य, अब पूर्व स्थान पर न होकर शहीद उपवन में स्थित नवीन कार्यालय से ही संचालित किए जाएंगे।

विश्वविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्षों, संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस कार्यालय आदेश का संज्ञान लें तथा फोटो आई.डी. कार्ड से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के कार्य हेतु केवल निर्धारित नवीन कार्यालय में ही संपर्क करें। साथ ही, सभी सम्बन्धित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इस आदेश की सूचना अपने–अपने विभागों, कार्यालयों एवं अधीनस्थ इकाइयों तक समय पर पहुँचाई जाए, जिससे किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो।

यह कार्यालय आदेश सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से निर्गत किया जा रहा है

25.12.2025

ग्रुप कैप्टन एम याकूब (से0नि0)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः
1. माननीय कुलपति महोदय
2. मुख्य कार्यकारी अधिकारी
3. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष
4. सम्बन्धित पत्रावली

25.12.2025
कुलसचिव